भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1117

03 दिसम्बर, 2021 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

'कोविड-19 की पहली तथा दूसरी लहर में मृत्यु

1117. श्री धनुष एम. कुमार:
श्री गजानन कीर्तिकर:
श्री कुलदीप राय शर्मा:
श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:
श्रीमती भावना गवली (पाटील) :
श्री सी.एन. अन्नादुरई:
श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:
डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:
डॉ. सुभाष रामराव भामरे:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पहली और दूसरी लहर के दौरान कोविड-19 महामारी के कारण मरने वाले व्यक्तियों का डेटा संकलित किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या भारत ने हाल ही में 100 करोड़ कोविड-19 वैक्सीन डोज़ के मील के पत्थर को पार कर लिया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और लक्ष्य को प्राप्त करने में किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा;

(ग) क्या सरकार ने देश के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्र में वैक्सीन लगवाने वाले लोगों की संख्या के लिए कोई डेटा संकलित किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या टीकाकरण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की अनिच्छा के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी टीकाकरण अभियान शहरी क्षेत्रों की तुलना में बहुत कम है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा

क्या है और वैक्सीन की सुरक्षा और प्रभावकारिता के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ङ) क्या उदार व्यवस्था बनाये जाने के बाद राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा कोविड वैक्सीन की मांग/खरीद में कमी आई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं; और

(च) सरकार द्वारा अशिक्षित वयस्क आबादी का टीकाकरण करने के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (च): 30 नवंबर, 2021 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा यथा सूचित कोविड-19 के कारण होने वाली कुल मौतें 4,68,980 हैं।

भारत ने 21 अक्टूबर 2021 को 100 करोड़ रुपये की कोविड-19 टीकाकरण खुराक की बडी उपलब्धि प्राप्त की है। कोविड-19 टीकाकरण के प्रारंभिक चरण के दौरान, वैक्सीन की उत्सुकता के साथ-साथ वैक्सीन के प्रति संदेह की चुनौतियां थीं जिन्हें सभी राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों में वैक्सीन के प्रति विश्वास बनाए रखने के लिए एक केंद्रित संचार कार्यनीति के कार्यान्वयन द्वारा शीघ्र ही दूर कर दिया गया ।

राष्ट्रीय कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम सभी पात्र लाभार्थियों को टीकाकरण सेवाओं की समान पहुंच सुनिश्चित कराता है। 1 अप्रैल, 2021 से 30 नवंबर 2021 तक ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सीवीसी में कुल 75,20,35,586 (68%) वैक्सीन की खुराकें दी गई हैं, जबकि शहरी क्षेत्रों में स्थित सीवीसी में 35,29,98,471 (32%) वैक्सीन की खुराके दी गई है।

भारत सरकार ने राष्ट्रीय कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम शुरू होने के बाद से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को दोनों खुराकों के साथ सभी पात्र लाभार्थियों का टीका कवरेज सुनिश्चित करने के लिए कोविड-19 टीकों की नि:शुल्क आपूर्ति को जारी रखा है ।

भारत सरकार ने 3 नवंबर, 2021 से 'हर घर दस्तक अभियान' शुरू किया है जिसमें पहली खुराक से छूटे लाभार्थियों और दूसरी खुराक के बकाया लाभार्थियों को चिन्हित किया जाता है और उन्हें घर-घर कार्यकलाप के माध्यम से टीका लगाया जाता है।